# आता रहूं दरबार सांवरे | By Ginny Karu

आता रहूं दरबार सांवरे
मैं आता रहूं दरबार सांवरे
मैं पाता रहूं तेरा प्यार सांवरे
मैं आता रहूं दरबार सांवरे

मेरी सारी दौलत बाबा तेरे चरण की धूलि
तूने उस पल याद रखा जब सारी दुनिया भूली
करना यूँ ही उपकार सांवरे
मैं आता रहूं दरबार सांवरे ......

अपने बने पराये सारे तूने साथ निभाया
धक्के खाये जग वालों से तूने हाथ फिराया
यूँ ही फिराना हर बार सांवरे
मैं आता रहूं दरबार सांवरे

सर से लेके पाँव तलक तेरा कर्ज़ा है बाबा
सोच नहीं सकता था उससे दिया है तूने ज्यादा
श्याम का तू ही संसार सांवरे
मैं आता रहूं दरबार सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-ginny-karu/